# करंट अफेयर्स

## (February – 3rd Week)

**Q.1 : प्रतिवर्ष “विश्व पैंगोलिन दिवस (World Pangolin Day)” किस दिन मनाया जाता है?**

**Right Ans : फरवरी महीने के तीसरे शनिवार को**

Date : (February 19, 2022)

EduRelation

**Details :** हाल ही में, 19 फरवरी 2022 को दुनियाभर में विश्व पैंगोलिन दिवस (World Pangolin Day) मनाया गया है। पाठकों को बता दे की इस दिवस को प्रतिवर्ष फरवरी महीने के तीसरे शनिवार (Third Saturday of February) को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पैंगोलिन जीव की प्रजाति ...Read More

**Q.2 : हाल ही में, कौन भारत की भुगतान प्रणाली UPI को अपनाने वाला पहला देश बना है?**

**Right Ans : नेपाल**

Date : (February 18, 2022)

**Details :** हाल ही में, भारत की यूपीआई प्रणाली (Unified Payments Interface - UPI) को अपनाने वाला नेपाल पहला देश बन गया है। यहाँ भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम

(NPCI) अंतरराष्ट्रीय शाखा NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने नेपाल में सेवाएं देने के लिए गेटवे पेमेंट्स सर्विस (GPS) और "मनम इन्फोटेक" के साथ...Read More

**Q.3 : हाल ही में, कौन 'प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रल' वाली पहली भारतीय कंपनी बनी है?**

**Right Ans : डाबर इंडिया**

Date : (February 18, 2022)

**Details :** हाल ही में, डाबर इंडिया (Dabur India) ने कहा की वह पूरी तरह से प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रल बनने वाली पहली भारतीय कंज्यूमर गुड्स कंपनी बन गई है। पाठकों को बता दें की डाबर ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान लगभग 27,000 मीट्रिक टन पोस्ट-कंज्यूमर प्लास्टिक कचरे का संग्रह, प्रसंस्करण और ...Read More

EduRelation

**Q.4 : हाल ही में, कौन शस्त्र लाइसेंस के लिए स्मार्ट कार्ड पेश करने वाला भारत का पहला राज्य बना है?**

**Right Ans : दिल्ली**

Date : (February 17, 2022)

**Details :** हाल ही में, दिल्ली शस्त्र लाइसेंस के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने वाला भारत का पहला राज्य बना है। यहाँ दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस (16 फरवरी) के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बकायदा शस्त्र का "स्मार्ट कार्ड" और "शस्त्र मोबाइल एप" लॉन्च किया है। पाठकों को ...Read More

**Q.5 : हाल ही में, तुर्की के राष्ट्रपति ने अपने देश का नाम बदलकर क्या रखा है?**

**Right Ans : तुर्किये**

Date : (February 17, 2022)

**Details :** हाल ही में, तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन ने अपने देश तुर्की का नाम बदलकर तुर्किये (Turkiye) कर दिया है। देश के राष्ट्रपति का मानना है की - तुर्किये शब्द तुर्की राष्ट्र की संस्कृति, सभ्यता और मूल्यों को बेहतरीन तरीके से दर्शाता है और व्यक्त करता है। अब सभी ...Read More

**Q.6 : कौन व्यक्ति हाल ही में, राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा (NMSC) के पहले समन्वयक नियुक्त किए गए है?**

**Right Ans : जी. अशोक कुमार**

Date : (February 17, 2022)

**Details :** हाल ही में, भारतीय नौसेना के पूर्व वाइस चीफ वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार (G Ashok Kumar) को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में पहले राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक (National Maritime Security Coordinator) के रूप में नियुक्त किया है। पाठकों को बता दे की NMSC, NSA अजीत डोभाल की अध्यक्षता में ...Read More

**Q.7 : कौन व्यक्ति हाल ही में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के नए अध्यक्ष बने है?**

**Right Ans : विनीत जोशी**

Date : (February 16, 2022)

**Details :** हाल ही में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त सचिव विनीत जोशी (IAS Vineet Joshi) को अध्यक्ष पद का कार्यभार दिया है। पाठकों को बता दे की जोशी यहाँ इस पद पर मनोज आहूजा का स्थान लेंगे। आहूजा को अब कृषि मंत्रालय में विशेष नियुक्ति ...Read More

**Q.8 : हाल ही में, कौन गुरुग्राम की पहली महिला पुलिस कमिश्नर बनी है?**

**Right Ans : कला रामचंद्रन**

Date : (February 16, 2022)

**Details :** हाल ही में, IPS अधिकारी कला रामचंद्रन (Kala Ramachandran) गुरुग्राम की प्रथम महिला पुलिस कमिश्नर बनी है। जानकारी के लिए बता दे की रामचंद्रन साल 1994 बैच की IPS अधिकारी हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में गुरुग्राम पुलिस कमिश्नरेट का गठन किया गया था। उसके बाद पहली बार यहाँ किसी ...Read More

**Q.9 : हाल ही में, प्रसिद्द व्यक्तिव "बप्पी लाहिड़ी" का 69 वर्ष की उम्र में निधन हुआ है, वह थे?**

**Right Ans : गायक**

Date : (February 16, 2022)

EduRelation

**Details :** हाल ही में, प्रसिद्द गायक और संगीतकार बप्पी लाहिड़ी (Bappi Lahiri) का 69 वर्ष की आयु में निधन हुआ है। आपकी बेहतर जानकारी के लिए बता दे की उनका असली नाम (Bappi Lahiri Real Name) "आलोकेश लाहिड़ी" था। बप्पी ने वर्ष 1973 में हिंदी फिल्म "नन्हा शिकारी" में अपना पहला ...Read More

**Q.10 : हाल ही में, कौन नागरिक हवाई क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने की अनुमति देने वाला दुनिया का पहला देश बना है?**

**Right Ans : इज़रायल**

Date : (February 15, 2022)

**Details :** हाल ही में, इज़रायल के परिवहन और सड़क सुरक्षा मंत्रालय ने नागरिक हवाई क्षेत्र में संचालित करने के लिए मानव रहित विमान वाहनों (UAV) के लिए देश के पहले

प्रमाणन की घोषणा की। इसके साथ ही इज़राइल दुनिया का पहला देश बन गया है जो कृषि, पर्यावरण, अपराध के खिलाफ ...Read More

**Q.11 : किस पुरुष खिलाड़ी ने जनवरी 2022 के लिए ICC Player of The Month का अवार्ड जीता है?**

**Right Ans : कीगन पीटरसन**

Date : (February 15, 2022)

**Details :** हाल ही में, दक्षिण अफ्रीका के कीगन पीटरसन (Keegan Petersen) को पुरुष श्रेणी में जनवरी 2022 के लिए ICC Player of The Month का सम्मान मिला है। इसके अलावा महिला वर्ग में सम्मान इंग्लैंड की हीथर नाइट (Heather Knight) को मिला है। इससे पहले कीगन पीटरसन ने भारत के खिलाफ ...Read More

**Q.12 : टाटा संस ने हाल ही में, किसे Air India का नया प्रमुख नियुक्त किया है?**

**Right Ans : इल्कर आयसी**

Date : (February 14, 2022)

**Details :** हाल ही में, टाटा संस ने तुर्की एयरलाइंस के पूर्व चेयरमैन इल्कर आयसी (Ilker Ayci) को अपनी विमानन कंपनी एयर इंडिया का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO) और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। अब आयसी एक अप्रैल 2022 से Air India के नए सीईओ और एमडी का कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले ...Read More

**Q.13 : प्रतिवर्ष दुनियाभर में अंतराष्ट्रीय मिर्गी दिवस (International Epilepsy Day) कब मनाया जाता है?**

**Right Ans : फरवरी महीने के दुसरे सोमवार को**

Date : (February 14, 2022)

**Details :** हाल ही में, 14 फरवरी 2022 को पूरी दुनिया में अंतराष्ट्रीय मिर्गी दिवस (International Epilepsy Day) मनाया गया है। पाठकों को बता दे की इस दिवस को प्रतिवर्ष फरवरी महीने के दुसरे सोमवार (2nd Monday in February) को मनाया जाता है। मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जिसमें दिमाग की गतिविधि ...Read More

**Q.14 : कौन व्यक्ति हाल ही में, वर्ष 2022-23 के लिए ICAI के नए अध्यक्ष के रूप में चुने गए है?**

**Right Ans : देवाशीष मित्रा**

Date : (February 14, 2022)

**Details :** हाल ही में, देवाशीष मित्रा (Debashis Mitra) को वर्ष 2022-23 के लिए The Institute of Chartered Accountants of India - ICAI के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। पाठकों को बता दे की मित्रा चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के साथ-साथ कॉस्ट अकाउंटेंट और कंपनी सेक्रेटरी भी हैं। उनके पास ...Read More

EduRelation

**Q.15 : प्रतिवर्ष 13 फरवरी को भारतभर में राष्ट्रीय महिला दिवस (National Women's Day) किनके जन्मदिन पर मनाया जाता है?**

**Right Ans : सरोजिनी नायडू**

Date : (February 12, 2022)

**Details :** हाल ही में, 13 फरवरी 2022 को पुरे भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस (National Women's Day) मनाया गया है। पाठकों को बता दे की इस दिवस को प्रतिवर्ष 13 फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी और भारत कोकिला कही जाने वाली सरोजिनी नायडू (Sarojini Naidu) के जन्मदिन पर मनाया जाता है। सरोजिनी ...Read More

**Q.16 : प्रतिवर्ष विश्व रेडियो दिवस (World Radio Day) किस दिन मनाया जाता है?**

**Right Ans : 13 फरवरी को**

Date : (February 12, 2022)

**Details :** हाल ही में, 13 फरवरी 2022 को दुनियाभर में विश्व रेडियो दिवस (World Radio Day) मनाया गया है। इस दिवस को प्रतिवर्ष अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सार्वजनिक बहस और शिक्षा के प्रसार में रेडियो के महत्व को समझाने के उदेश्य से 13 फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस ...Read More

**Q.17 : हाल ही में, जारी EIU Democracy Index 2021 में भारत को कौनसा स्थान मिला है?**

**Right Ans : 46वां**

Date : (February 12, 2022)

**Details :** हाल ही में, इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस द्वारा वर्ष 2021 की डेमोक्रेसी इंडेक्स (EIU Democracy Index 2021) में भारत को मिला 46वां स्थान मिला है। इस रिपोर्ट में दुनिया के 167 लोकतांत्रिक देशों में केवल 21 को ही पूरा लोकतांत्रिक कहा गया है। इस रिपोर्ट में नार्वे को सबसे बेहतर लोकतांत्रिक देश ...Read More

**Q.18 : हाल ही में, कौन राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (NSWS) से जुड़ने वाला भारत का पहला केंद्रशासित प्रदेश बना है?**

**Right Ans : जम्मू & कश्मीर**

Date : (February 11, 2022)

**Details :** हाल ही में, जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (National Single Window System - NSWS) के साथ जुड़ने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश

बना है। पाठकों को बता दे की राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली एक डिजिटल निवेशक मंच हैं। और इस प्रणाली के जरिये निवेशक अपनी व्यावसायिक आवश्यकताओं के ...Read More

**Q.19 : हाल ही में, हुई घोषणा के अनुसार किस शहर में भारत का पहला बुलेट ट्रेन स्टेशन बनेगा?**

**Right Ans : सूरत**

Date : (February 11, 2022)

**Details :** हाल ही में, हुई घोषणा के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना भारत की पहली बुलेट ट्रेन रूट होगी। जबकि सूरत शहर को भारत का पहला बुलेट ट्रेन स्टेशन (Indias First Bullet Train Station) मिलेगा। बताया गया है की सूरत स्टेशन का काम दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। पाठकों ...Read More

**Q.20 : हाल ही में, जारी TomTom Traffic Index 2021 के अनुसार कौन भारत का सबसे भीड़भाड़ वाला शहर बना है?**

**Right Ans : मुंबई**

Date : (February 11, 2022)

**Details :** हाल ही में, जारी TomTom Traffic Index 2021 के अनुसार मुंबई भारत का सबसे अधिक और दुनिया का 5वां सबसे भीड़भाड़ वाला शहर पाया गया है। दुनियाभर की बात करें तो इस सूची में इस्तांबुल (तुर्की) सबसे ऊपर है, उसके बाद मास्को का नंबर आता है। ध्यान रहे की टॉमटॉम ...Read More




**Visit Our Website**

**&**

**Download our Android App**

**&**

**Subscribe Youtube Channel**